**NEWS CLIPPING: 07.03.2020**

## NAVBHARAT TIMES

# उत्कृष्ट काम करने पर किया सम्मानित

■ **एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद :** जेसी बोस (वाईएमसीए) यूनिवर्सिटी परिसर में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को शॉल व पौधे भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन यूनिवर्सिटी के मिला प्रकोष्ठ की तरफ से किया गया। इस दौरान सीएसआईआर के नैशनल इंस्टिट्यूट ऑफ



साइंस टेक्नॉलजी एंड डिवेलपमेंट स्टडीज की निदेशक डॉ. रंजना अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रोफेसर दिनेश कुमार ने की। इस मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. दर्शना गुप्ता, उमा गुप्ता, शिक्षाविद डॉ. ज्योत्सना सिंह, डॉ. माया यादव, एकता रमन, उद्यमी जैकलीन जिंदल, गायनोकोलॉजिस्ट डॉ. उषा गुप्ता, हैपीनेस व वेलनेस कोच पूजा गुप्ता को सम्मानित किया गया।

## J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad

*(formerly YMCA University of Science and Technology)*

**A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009**

**SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006**

**Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in**


**GOLDEN JUBILEE YEAR (1969-2019)**

**NEWS CLIPPING: 07.03.2020**

**THE PIONEER**

# महिला दिवस पर उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को किया सम्मानित



पायनियर समाचार सेवा। फरीदबाद

**वाईएमसीए** स्थित जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में एक समारोह आयोजित किया। जिसमें विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। महिलाओं को सम्मान स्वरूप शॉल एवं पौधा भेंट किया गया। कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय के महिला कल्याण प्रकोष्ठ द्वारा आईईईई वुमैन इन इंजीनियरिंग संगठन के सहयोग से किया गया था।

सीएसआईआर के नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस टेक्नोलॉजी एंड डेवलपमेंट स्टडीज की निदेशक डॉ. रंजना अग्रवाल कार्यक्रम में मुख्यातिथि रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने की। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग और डीन (क्वालिटी एश्योरेंस) डॉ. संदीप ग्रोवर भी उपस्थित थे। महिला कल्याण की अध्यक्ष डॉ. नीतू गुप्ता और डॉ. अनुराधा शर्मा की देखरेख में आयोजित कार्यक्रम का समन्वयन डॉ. सपना गंभीर द्वारा किया गया। इस अवसर पर सम्मानित होने वालों में सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. दर्शना गुप्ता और उमा गुप्ता, शिक्षाविद डॉ. ज्योत्सना सिंह और डॉ. माया यादव, मीडिया पर्सनैलिटी एकता रमन, उद्यमी जैकलीन जिंदल, गायनोकोलॉजिस्ट डॉ. उषा गुप्ता, हैप्पीनेस व वेलनेस कोच पूजा गुप्ता शामिल थीं।

**NEWS CLIPPING: 07.03.2020**

## PUNJAB KESARI

# उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को किया सम्मानित




*अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित करते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार। (छाया: एस शर्मा)*

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर शहर में हुए विविध कार्यक्रम

फरीदाबाद, 6 मार्च (पूजा शर्मा): जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद द्वारा आज अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित एक समारोह में आज विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। महिलाओं को सम्मान स्वरूप शॉल एवं पौधा भेंट किया गया। कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय के महिला कल्याण प्रकोष्ठ द्वारा आईईईई वुमैन इन इंजीनियरिंग संगठन के सहयोग से किया गया था।

सीएसआईआर के नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस टेक्नोलॉजी एंड डेवलपमेंट स्टडीज की निदेशक डॉ. रंजना अग्रवाल कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता कु लपति प्रो.दिनेश कुमार ने की। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. एस.के. गर्ग और डीन (क्वालिटी एश्योरेंस) डॉ. संदीप ग्रोवर भी उपस्थित थे। महिला कल्याण की अध्यक्ष डॉ. नीतू गुप्ता और डॉ. अनुराधा शर्मा की देखरेख में आयोजित कार्यक्रम का समन्वयन डॉ. सपना गंभीर द्वारा किया गया। इस अवसर पर सम्मानित होने वालों में सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. दर्शना गुप्ता और उमा गुप्ता, शिक्षाविद डॉ. ज्योत्सना सिंह और डॉ. माया यादव, मीडिया पर्सनैलिटी एकता रमन, उद्यमी जैकलीन जिंदल, गायनोकोलॉजिस्ट डॉ. उषा गुप्ता, हैप्पीनेस व वेलनेस कोच पूजा गुप्ता शामिल थीं। महिला दिवस पर बधाई देते हुए, कुलपति प्रो। दिनेश कुमार ने कहा कि महिलाएं भारतीय समाज की प्रेरक शक्ति हैं। वे बहुमुखी कौशल से संपन्न हैं और उनके पास अपने कर्तव्यों को अधिक कुशलता से निभाने की क्षमता है। आज, महिलाएं देश में विभिन्न क्षेत्रों में शीर्ष स्थान पर हैं। विश्वविद्यालय में अपने अनुभव को साझा करते हुए, उन्होंने कहा कि जब वे विश्वविद्यालय के कुलपति बनने तो किसी भी शिक्षण विभाग में महिला विभागाध्यक्ष नहीं थी और आज विश्वविद्यालय के पांच शिक्षण विभागों की अध्यक्ष प्रोफेसर है और वे काफी अच्छा कार्य कर रहीं है। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि कार्यस्थल पर महिलाओं की निर्णायक भूमिकाओं में अधिक से अधिक भागीदारी होनी चाहिए। अपने संबोधन में, डॉ. रंजना अग्रवाल ने स्वामी विवेकानंद के उद्धरण को संदर्भित करते हुए कहा कि आज महिलाओं को अपनी समस्याओं को समझना होगा और अपनी बेहतरी के लिए समाधान रखने होंगे। उन्होंने कहा कि महिलाएं भारतीय पारिवारिक इकाई की प्रमुख सदस्य हैं और जब हम लैंगिक समानता की बात करते हैं, तो यह पुरुष के खिलाफ नहीं है बल्कि पुरुष के साथ होती है। उन्होंने कहा कि ऐसा कहा जाता है कि हर सफल पुरुष के पीछे एक महिला होती है, लेकिन हर सफल महिला के पीछे एक से अधिक पुरुष हो सकते हैं और वे उसके पिता, भाई, पुत्र या सह-कर्मचारी हो सकते हैं जो उसकी क्षमताओं पर विश्वास करते हैं और उसे प्रोत्साहित करते हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं को प्रत्येक स्तर पर पुरुषों द्वारा प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है। इस अवसर पर, राष्ट्रपति नारी शक्ति पुरस्कार विजेता दर्शना गुप्ता ने सामुदायिक विवाह समारोहों के महत्व पर बल दिया। उन्होंने कहा कि ऐसा होने ऋण एवं फिजूलखर्ची से बचा जा सकता है।


पंजाब केसरी ई-पेपर Sat, 07 March 2020
https://epaper.punjabkesari.in/c/49848195

**NEWS CLIPPING: 07.03.2020**

## HINDSTAN

वाईएमसीए में महिला दिवस मनाया, इस दौरान कार्यस्थल पर महिलाओं की निर्णायक भूमिका पर विशेष जोर

# बेहतरीन कार्य करने वाली महिलाओं का सम्मान

**आयोजन**

फरीदाबाद | **वरिष्ठ संवाददाता**

जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (वाईएमसीए) में शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया।

इस मौके पर विभिन्न क्षेत्रों में बेहतरीन काम करने वाली महिलाओं को शॉल और पौधा भेंट कर सम्मानित किया गया। इसका आयोजन विश्वविद्यालय के महिला कल्याण प्रकोष्ठ और वुमैन इन इंजीनियरिंग संगठन के सहयोग से किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस टेक्नोलॉजी एंड डेवलपमेंट स्टडीज के निदेशक डॉ. रंजना अग्रवाल मौजूद रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो दिनेश कुमार ने की। प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि महिलाएं भारतीय समाज की प्रेरक शक्ति हैं।

वे बहुमुखी कौशल से संपन्न है, उनके पास अपने कर्तव्यों को अधिक कुशलता से निभाने की क्षमता है। महिलाएं देश में विभिन्न क्षेत्रों में शीर्ष स्थान पर हैं। उन्होंने बताया कि कुछ वर्ष पहले शिक्षण विभाग में महिला विभागाध्यक्ष नहीं थी। आज विश्वविद्यालय के पांच शिक्षण विभागों की अध्यक्ष प्रोफेसर हैं और वे बेहतर काम कर रहीं है। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि कार्यस्थल पर महिलाओं की निर्णायक भूमिकाओं में अधिक भागीदारी होनी चाहिए।

वहीं, डॉ. रंजना अग्रवाल ने कहा कि आज महिलाओं को अपनी समस्याओं को समझना होगा और अपनी बेहतरी के लिए समाधान रखने होंगे। महिलाएं भारतीय पारिवारिक इकाई की प्रमुख सदस्य है। उन्होंने कहा कि ऐसा कहा जाता है कि हर सफल पुरुष के पीछे एक महिला होती है, लेकिन हर सफल महिला के पीछे पुरुष का सहयोग होता हैं। वह पिता, भाई, पुत्र या सह-कर्मचारी हो सकते हैं। जो उसकी क्षमताओं पर विश्ववास करते हैं और उसे प्रोत्साहित करते हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं को प्रत्येक स्तर पर पुरुषों द्वारा प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि आधुनिक भारत में बेटी बचाओ और बेटी पढ़ाओ का का नारा सार्थक हो रहा है।

**NEWS CLIPPING: 07.03.2020**

## DAINIK BHASKAR

**प्रेरणा** • अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाएं सम्मानित

# महिलाएं समाज की प्रेरक शक्ति हैं, कर्तव्यों को अधिक कुशलता से निभाने की क्षमता हैः प्रो. दिनेश

भास्कर न्यूज | फरीदाबाद

जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में एक समारोह का आयोजन किया। इसमें विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। महिलाओं को सम्मान स्वरूप शॉल एवं पौधा भेंट किया गया। कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय के महिला कल्याण प्रकोष्ठ ने आईईईई वूमेन इन इंजीनियरिंग संगठन के सहयोग से किया गया था। सीएसआईआर के नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस टेक्नोलॉजी एंड डेवलपमेंट स्टडीज की निदेशक डॉ. रंजना अग्रवाल कार्यक्रम में मुख्य अतिथि थीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने की। इस दौरान सम्मानित होने वालों में सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. दर्शना गुप्ता और उमा गुप्ता, शिक्षाविद डॉ. ज्योत्सना सिंह और डॉ. माया यादव, मीडिया पर्सनालिटी एकता रमन, उद्यमी जैकलीन जिंदल, गायनोकोलॉजिस्ट डॉ. उषा गुप्ता, हैप्पीनेस व वेलनेस कोच पूजा गुप्ता शामिल थीं। इस दौरान कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि महिलाएं भारतीय समाज की प्रेरक शक्ति हैं। वे बहुमुखी कौशल से संपन्न हैं और उनके पास अपने कर्तव्यों को अधिक कुशलता से निभाने की क्षमता है।



फरीदाबाद। उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित करते हुए।

**NEWS CLIPPING: 07.03.2020**

**AMAR UJALA**

## उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाएं सम्मानित

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विवि में अंतरराष्ट्री महिला दिवस के उपलक्ष्य में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। महिलाओं को सम्मान स्वरूप शॉल व पौधा भेंट किया गया। विवि के महिला कल्याण प्रकोष्ठ ने नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस टेक्नोलॉजी एंड डेवलपमेंट स्टडीज की निदेशक डॉ. रंजना अग्रवाल कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो दिनेश कुमार ने की। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग और डीन डॉ. संदीप ग्रोवर भी उपस्थित रहे। महिला कल्याण की अध्यक्ष डॉ. नीतू गुप्ता और डॉ. अनुराधा शर्मा की देखरेख में कार्यक्रम का समन्वयन डॉ. सपना गंभीर ने किया। ब्यूरो